Regarding construction of railway over bridge in Madhepura Parliamentary Constituency

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** महोदय, बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र और सहरसा, जो उस इलाके का बहुत बड़ा क्षेत्र है और वहां नगर निगम भी है, वहां बढ़ती आबादी और यातायात के चलते कोई ढाला बंद होता है तो जाम लग जाता है । वहां लोगों को भारी परेशानी की समस्या से जूझना पड़ता है ।

दिनांक 13.03.2025 को अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार एवं सदस्य आधारभूत संरचना, रेल मंत्रालय, भारत सरकार के बीच सम्पन्न एक उच्चस्तरीय बैठक में रेलवे द्वारा बिहार के 64 आरओबीज़ निर्माण की सहमति दी गई है । इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत बैजनाथपुर स्टेशन के बीच सम्पार संख्या-103-सी, सिमराहा ढाला, 104 बी, पॉलिटेक्निक ढाला, 105-ए, हटियागाछी ढाला एवं सहरसा-पंचगछिया रेलखंड के बीच सम्पार संख्या-32-ए थाना चौक ढाला, 34-सी शिवपुरी ढाला और बुधमा-मुरलीगंज स्टेशन के बीच सम्पार संख्या-68-सी पर आरओबी का निर्माण सम्मिलित है ।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपर्युक्त सभी आरओबीज़ के निर्माण की स्वीकृति जल्द दी जाए । साथ ही, सहरसा-बैजनाथपुर के बीच सम्पार संख्या-99-बी, सपहा ढाला पर भी आरओबी का निर्माण कराने की कृपा की जाए ।